सीओवीआईडी 19 के साथ संघर्ष करने के लिए प्रधानमंत्री के राहत कोष में बीईएमएल का योगदान

बीईएमएल, जो एक सार्वजनिक रक्षा उपक्रम है, के सभी कर्मचारीगण सीओवीआईडी -19 की ओर से प्रधान मंत्री के राहत कोष में अपने एक दिन के वेतन का योगदान देने के लिए आगे आए हैं। इसके अलावा, कंपनी के निदेशकगण भी उसी उद्देश्य के लिए अपने 21 दिनों के वेतन का योगदान करेंगे।

बीईएमएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री दीपक कुमार होता ने इसकी घोषणा करते हुए कहा, "कोरोना वायरस सीओवीआईडी -19 के प्रकोप के कारण देश सामाजिक और आर्थिक संकट के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। इस संकट की स्थिति में, कोरोना के फैलने की चुनौती से निपटने के लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। यह वैश्विक महामारी, जिसने पूरी दुनिया में कहर बरपाया है, के साथ लड़ने के समर्थन में यह हमारा विनम्र योगदान है।"

उन्होंने आगे यह भी कहा, "हमने मंत्रालय और राज्य सरकारों द्वारा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप सीओवीआईडी -19 के प्रकोप को रोकने के लिए सभी निवारक उपाय किए हैं।"

बीईएमएल द्वारा मीडिया रिलीज़

बेंगलूर
28 मार्च 2020